हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 17 अप्रैल 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 06 : BOTTOM LEFT

विशेषज्ञों ने किया बीमारियों पर मंथन

सेमिनार

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भोजीपुरा के फिजियोलॉजी एवं फार्माकोलॉजी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार यूपी-यूके एपीकॉम का समापन हो गया।

यूपी-यूके चैप्टर ऑफ एसोसिएशन फिजियोलॉजी फार्माकोलॉजी की ओर से मालीक्यूलर बेसिक्स ऑफ न्यूरो डिजेनरेटिव डिजीज विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि प्रो. किपी पुत्थूरैया के साथ देश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के विशेषजों सहित 200 प्रतिनिधियों से प्रतिभाग किया। इस दौरान सीएमई का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. लतिका मोहन एवं डॉ. बीएसएस राव ने मिर्गी के उपचार के बारे में जानकारी दी। कान्फ्रेंस के आयोजक अध्यक्ष एवं फिजियोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसबी देशपाण्डे ने न्यूरो डिजनरेटिव डिजीज विषय पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। डा. आरके त्यागी ने जीनो बुकमार्किंग विषय पर शोध के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान सचिव डा. सुजाता सिंह एवं डा. बिन्दु गर्ग, प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता मौजूद थे।

श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट में सेमिनार का शुभारंभ करते अतिथि। • हिन्दुस्तान